स्टेशन पर यात्री गाड़ियों के रुकने के लिये कुल कितने प्लेटफार्म हैं ;

(ख) गोरखपुर में कुल कितनी यात्री गाड़ियां रुकती हैं ; और

(ग) क्या इस रेलवे स्टशन पर प्लेट-फार्मों की संख्या को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है ?

**रेलवे मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) 6।

(ख) चौबीस घटों में 48।

(ग) जी नहीं।

**कुम्भ मेले के लिये रेलवे गाड़ियां**

1675. **डा० महादेव प्रसाद :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री यशपाल सिंह :**
**श्री बड़े :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले कुम्भ मेले के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा कुल कितनी विशेष रेल-गाड़ियां चलाई गई ; और

(ख) उस रेलवे द्वारा प्रतिदिन औसतन कुल कितनी विशेष गाड़ियां चलाई गई ?

**रेलवे मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह)**: (क) 256 स्पेशल गाड़ियां।

(ख) मेले की अवधि में प्रतिदिन औसतन 9.8 स्पेशल गाड़ियां।

**नई रेलवे लाइनें**

1676. **डा० महादेव प्रसाद :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में नई रेलवे लाइनें बिछाने के बारे में क्या सिद्धान्त अपनाये जाते हैं ;

(ख) क्या संबंधित राज्य सरकारों से सुझाव मांगे जाते हैं; और

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में शामिल किये जाने के लिये किन-किन नई रेलवे लाइनों के संबंध में सुझाव आये हैं ?

**रेलवे मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री शाम नाथ)**: (क) देश के विभिन्न भागों में नयी रेलवे लाइनों के निर्माण पर, उनकी आवश्यकता के आधार पर और योजना में निर्दिष्ट धन सबंधी सीमाओं के भीतर, विचार किया जाता है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं, सिद्ध हो चुके खनिज और प्राकृतिक साधनों के दोहन और उपयोग, पत्तन सुविधाओं के विस्तार तथा सामरिक उपयोग के लिये किन रेलवे लाइनों की ज़रूरत होगी और रेलवे की अपनी परिचालन संबंधी आवश्यकताएं क्या हैं।

(ख) और (ग). दूसरी और तीसरी, दोनों योजनाओं में राज्य सरकारों से नयी लाइनों के संबंध में प्रस्ताव मांगे गये थे। इस प्रकार जो प्रस्ताव प्राप्त हुए, उन में से केवल कुछ ही प्रतिशित प्रस्तावों को पिछली दो योजनाओं में उपलब्ध धन और साधनों के भीतर शामिल करना सम्भव हो सका। चूंकि राज्य सरकारों द्वारा बहुत बड़ी तादाद में पहले से भेजे गये प्रस्तावों पर अभी अमल होना बाकी है, और चूंकि इस बात के संकेत हैं कि सीमित रूप में उपलब्ध धन को देखते हुए चौथी योजना में शुरू की जा सकने वाली नयी लाइनों की मील दूरी बहुत कम रहेगी, यह सोचा गया कि चौथी योजना के लिए राज्य सरकारों से नयी सिफारिशें न मांगी जायें। लेकिन, लगभग सभी राज्य सरकारों ने स्वयं ही चौथी योजना में नयी लाइनों के निर्माण के बारे में अपनी सिफ़ारिश भेजी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने चौथी योजना में नीचे